भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1416
दिनांक 11.02.2020/22 माघ, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

कट्टरपंथी विचारधारा मुक्ति शिविर

†1416. श्री एस॰ वेंकटेशनः
श्री राजमोहन उन्नीथनः
श्री असादुद्दीन ओवैसीः
श्री सय्यद ईमत्याज ज़लीलः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) ने हाल ही में यह ब्यान दिया है कि देश में, विशेषकर जम्मू और कश्मीर में कट्टरपंथी विचारधारा मुक्ति शिविर है तथा जम्मू एवं कश्मीर के डीजीपी ने भी इसका समर्थन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश में ऐसे कितने शिविर हैं और उक्त शिविरों में कितने लोग हैं;

(घ) ऐसे शिविरों में अब तक कितने व्यक्तियों को कट्टरपंथी विचारधारा से मुक्त किया गया है;

(ङ) क्या सरकार ने इन शिविरों के माध्यम से देश में, विशेषकर जम्मू और कश्मीर में युवाओं के उत्पीड़न में एक कदम आगे बढ़ाया है; और

(च) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)

(क) : देश में, विशेषकर जम्मू और कश्मीर में कट्टरपंथी विचारधारा मुक्ति शिविरों की मौजूदगी की कोई रिपोर्ट नहीं है।

(ख) से (च) : उपर्युक्त (क) के उत्तर के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

****